हरिभूमि कांकेर भूमि

रायपुर, शनिवार 24 मई 2025


तापमान

अधिकतम 31.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

12 दिव्यांगजनों को मिली व्हीलचेयर एवं...



12 प्रधानमंत्री आवास योजना में कोई पैसे की मांग करता...





## खबर संक्षेप

### समाधान शिविरों की तिथि में किया गया संशोधन

**कांकेर।** कलेक्टर ने सुशासन तिहार शिविर आयोजन के लिए संशोधित तिथि का आदेश जारी किया गया है। जारी आदेशानुसार आगामी 28 मई को जनपद पंचायत कांकेर क्लस्टर कलमुच्चे के ग्राम तुलतुली, कलमुच्चे, धनतुलसी, पीढ़ापाल, कानागांव, मुरागांव, पुसाझर, बुधियारमारी, भैंसगांव, मुजालगोंदी और टोन्डामरका में समाधान शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसी प्रकार 29 मई को जनपद पंचायत दुर्गूकोंदल क्लस्टर पचांगी के ग्राम पचांगी, चिखली, हामतवाही, मंगहूर, करकापाल तथा 30 मई को जनपद पंचायत अंतागढ़ के अर्रा अंतर्गत ग्राम अर्रा, मुल्ले, मातला-ब, और आलानार में शिविर का आयोजन किया जाएगा।

### पखांजुर में करंट लगने से युवक की हुई मौत

**कांकेर।** पखांजुर थानांतर्गत पखांजुर निवासी 40 वर्षीय सुमंत मजुमदार का इलाज के दौरान सीएचसी पखांजुर में मौत हो गया। अस्पताल के वार्ड बॉय ने अस्पताली मेमो पेश कर पुलिस को बताया कि मृतक करेंट की चपेट में आ गया था। इलाज के लिए अस्पताल लाए थे। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया।

### जहर खाए युवक की इलाज उपरांत मौत

**कांकेर।** गोंडाहुर निवासी 23 वर्षीय सरत सेन ने जहर सेवन कर लिया, जिससे उसकी मौत हो गई। जानकारी के अनुसार मृतक ने जहर खा लिया था, इलाज के बाद घर वापिस लाने के बाद 17 मई की मौत हो गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### स्वाभिमान मंच की सभा व शौर्य शोभायात्रा आज

**कांकेर।** राष्ट्रीय स्वाभीमान मंच द्वारा आपरेशन सिंदू की सफलता पर सैन्य बलों के उत्साहवर्धन, स्वागत, वंदन के लिए कल 24 मई को शाम 4 बजे नए बस स्टैंड के डोम में सभा व सिंदूर शौर्य शोभायात्रा का आयोजन रखा गया है। यह आयोजन सभी समाज वर्ग को लेकर किया जा रहा, जिसके माध्यम से संदेश देने का प्रयास है। हमारे देश की सेना का अदम्य साहस शौर्य गाथा आमजन तक पहुंचे। हर घर से हर परिवार से इस आयोजन मे सहभागिता निभाए और हमारी देश कि सेना के प्रति आभार स्वागत करने इस कार्यक्रम अपनी उपस्थिति देकर अपना योगदान दे, इस उद्देश्य से राष्ट्रीय स्वाभिमान मंच ने इस कार्यक्रम आयोजन किया है।

### बाइक की टक्कर से युवक हुआ घायल, चालक पर मामला दर्ज


**कांकेर।** थाना कांकेर अंतर्गत ग्राम करप के पास सड़क दुर्घटना में कांकेर काम करने आ रहें युवक को गंभीर चाट आने से मौत होने पर पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया था। विवेचना में पाया गया कि साहिल नेताम 22 मार्च को दोपहर करीबन साढ़े 3 बजे मोटर सायकल क्रमांक सीजी 19 बीयू 8280 मे सवार होकर दंतेश्वरी पेट्रोल पंप कांकेर काम करने आ रहा था। शाम करीबन 4 बजे मेन रोड ग्राम करप के पास पहुंचा था कि पीछे कि ओर से आ रही मोटर सायकल क्रमाक सीजी 28 आर 7181 का चालक अपने वाहन को तेज लापरवाही एवं उतावलेपन से चलाकर मृतक के मोटर सायकल को ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया, जिससे मृतक को गंभीर चोट आई। जिसे इलाज के लिए जिला अस्पताल कांकेर लाया गया, जहां से डॉक्टर उसे मृत घोषित किया। आरोपी मोटर सायकल क्रमांक सीजी 28 आर 7181 के चालक द्वारा अपने वाहन को तेज लापरवाही एंव उतावलेपन से चलाकर ठोकर मारकर से मृतक सिंगनपुर निवासी 20 वर्षीय साहिल नेताम पिता मंगल राम नेताम को आई गंभीर चोट के कारण मौत होने पर धारा 281, 106 (1) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

# बंगाल की खाड़ी से आने वाली नमी ने बदला मौसम, दो दिनों में ढाई इंच बारिश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

गर्मी की तपिश से परेशान शहरवासियों को पिछले दो दिनों से काफी राहत मिली है। बंगाल की खाड़ी से आ रही प्रचुर मात्रा में नम हवाओं के चलते अंचल में हल्की से मध्यम बारिश दो दिनों की रात को देखने को मिली। पिछले दो दिनों में कांकेर जिले में ढाई इंच तक बारिश दर्ज कर ली गई है। इतनी बारिश से तापमान में भी चार डिग्री तक गिरावट देखने को मिला। दिन में बादल छाएं रहने से उमस से लोग बैचेन रहे। मौसम विभाग के अनुसार अगले दो दिन और ऐसे ही हालात बने रहने की संभावना है। बारिश होने के सिस्टम को लेकर जानकारी देते मौसम विभाग ने बताया कि दक्षिण-पश्चिम मानसून दक्षिण अरब सागर के कुछ भाग, मालदीप, कॉमरीन क्षेत्र, दक्षिण बंगाल की खाड़ी, मध्य बंगाल की खाड़ी के कुछ भाग, उत्तर पूर्व बंगाल की खाड़ी के कुछ भाग में मानसून सक्रिय है। दक्षिण-पश्चिम मानसून के कुछ और भाग में सक्रिय होने के लिए अनुकूल परिस्थितियां बनी हुई है। एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण मंडल तक पूर्व-मध्य अरब सागर, उत्तर कर्नाटक और गोवा तट से सुदूर स्थित है। इसके प्रभाव एक कम दबाव का क्षेत्र इसी स्थान पर बना है। इसके बाद इसके और अधिक प्रबल होकर अवदाब के रूप में अगले 24 घंटे में बनने की संभावना है। एक पूर्व पश्चिम द्रोणिका पंजाब से पूर्वी बांग्लादेश तक हरियाणा, उत्तरप्रदेश, झारखंड, उप हिमालयीन पश्चित बंगाल तथा सिक्किम होते हुए 1.5 किलोमिटर ऊंचाई तक विस्तारित है।

## बारिश के बाद चार डिग्री तक लुढ़का तापमान, अगले दो दिन ऐसे ही रहेंगे मौसम के हाल




### अंधड़ के साथ होगी बारिश

प्रदेश में बंगाल की खाड़ी से प्रचुर मात्रा में नमी का आगमन निम्न स्तर पर हो रहा है। में बनी का आता निम्न स्तर पर हो रहा है। 21 और 22 मई को रात को बारिश हुई, वहीं 23 मई को दिन में बादल छाएं रहे। मौसम विभाग की मानें तो अगले दो दिनो में जिले के कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने की संभावना बनी हुई है। कई ईलाके में गरज चमक के साथ अंधड़ चलने और वज्रपात होने की भी संभावना व्यक्त किया है।

## शिकायतकर्ता ने कहा - धोखाधड़ी का मामला हो दर्ज

# रोजगार सहायक ने पत्नी का नाम मस्टररोल में डालकर निकाली राशि, कार्रवाई की उठी मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर



ग्राम पंचायत बांसला में रोजगार सहायक के द्वारा तालाब निर्माण, आंगनबाड़ी निर्माण सहित अन्य निर्माण कार्यों के नाम से मस्टररोल में अपने पत्नी व अन्य लोगों का फर्जी नाम डालकर राशि निकाल लिया है। रोजगार सहायक प्रति सप्ताह मास्टर रोल और जॉब कार्ड में सभी मजदूरों का नाम हाजरी भरकर जनपद कार्यालय में जमा करते हैं। इसके बाद उन मजदूरों का भुगतान होता है। यहां मामला कुछ और है, यहां जो मजदूर काम में नहीं है, उसके भी नाम से भी फर्जी हाजिरी लगाकर उनके नाम से राशि आहरण किया गया है।

जनपद पंचायत भानुप्रतापपुर के ग्राम पंचायत बांसला के रोजगार सहायक चैतलाल बघेल द्वारा अपने पत्नी लीला बाई का बिना कार्य किये मस्टररोल में फर्जी हाजिरी डालकर राशि आहरण किया गया। बांसला के कोरेटीपारा शासकीय तालाब गहरीकरण में रोजगार सहायक चैत कुमार बघेल द्वारा अपने पत्नी लीला बाई का 04/04/2024 से 10/04/ 2024 तक सात दिन व 11/04/2024 से 17/04/ 2024 तक सात दिन, वहीं आंगनबाड़ी भवन सह बाउंड्रीवाल निर्माण बांसला के केंद्र क्रमांक 02 में कुल 30 दिन, समुदाय के लिए वर्मी कम्पोस्ट संरचना का निर्माण कार्य पशु आश्रय स्थल बांसला- 02 में छः दिन व समुदाय के लिए वर्मी कम्पोस्ट संरचना का निर्माण कार्य पशु आश्रय स्थल बांसला - 03 में 24 दिन का फर्जी मस्टरोल भरा गया हैं, इसी तरह कई कार्यो में बिना कोई कार्य के अपने पत्नी का फर्जी मस्टररोल भरा गया है। उक्त पूरे मामले में प्रथम दृष्टया तो मस्टर रोल में रोजगार सहायक द्वारा अपने चहेते परिवार के व अन्य करीबी लोगों की फर्जी हाजिरी डालकर फर्जीवाड़ा किए हैं वहीं दूसरी ओर जो मजदूर वास्तव में मनरेगा के तहत मजदूरी किए हैं, उनकी हाजरी भी काटी गई है। इस पूरे कार्य में रोजगार सहायक द्वारा व्यापक स्तर पर मनमानी व लापरवाही बरतते हुए शासकीय राशि का दुरपयोग किया गया है। ग्रामीणों व खासकर वास्तविक मजदूरों के मन में काफी आक्रोश देखा जा रहा है।

### धारा 420 के तहत मामला दर्ज करने की उठी मांग

*ग्रामीण शिव प्रसाद कोरेटी ने बताया कि रोजगार सहायक चैतलाल बघेल के द्वारा अपने पत्नी लीला बाई व कई अन्य लोगों का तालाब गहरीकरण, आंगनबाड़ी निर्माण सहित अन्य निर्माण कार्यों में बिना कार्य किए मस्टररोल में नाम डालकर राशि निकाली गई है। वर्ष 2024 में ग्राम बांसला के कोरेटीपारा में शासकीय तालाब का गहरीकरण कार्य चल रहा था, जिसमें भी अपने पत्नी के नाम से मस्टररोल भरा जा रहा था, जिस पर आपत्ति जताई गई, तो तालाब गहरीकरण कार्य को ही आधे बीच में बंद कराया गया। रोजगार सहायक के ऊपर धारा 420 के मामला दर्ज कर कड़ी कार्यवाही करने की मांग किया है।*

### जांचकर कार्रवाई के लिए अनुमोदन किया जाएगा

*भानुप्रतापपुर जनपद पंचायत में पदस्थ पीओ सुमन कौर ने बताया कि ग्राम पंचायत बांसला के रोजगार सहायक द्वारा अपने पत्नी के फर्जी मस्टरोल डालकर राशि अहरण करने की शिकायत मिली हैं। शिकायत की जाँच करके कार्यवाही के लिए प्रतिवेदन को उच्च अधिकारियों को प्रस्तुत किया जाएगा।*

# आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के संवैधानिक आरक्षण को लागू करने की मांग



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

केंद्र सरकार द्वारा जनवरी 2019 में आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों को संविधान में संशोधन कर 10 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान किया गया है, जो सम्पूर्ण भारत में सभी राज्यों द्वारा लागू कर दिया गया है। केवल छत्तीसगढ़ राज्य में यह 2019 से अब तक लागू नहीं किया गया है। इसे लागू करवाने को लेकर सर्व समाज ने उपमुख्यमंत्री अरूण साव को भानुप्रतापपुर प्रवास पर ज्ञापन सौंपा। भानुप्रतापपुर पहुँचे डिप्टी सीएम को ज्ञापन सौंपते हुए सर्व समाज के पदाधिकारियों ने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य में आर्थिक रूप से कमजोर यानी ईडब्ल्यूएस वर्ग के छात्रों एवं अभ्यर्थियों को इसका लाभ शिक्षण संस्थानों एवं नौकरियों में नहीं मिल पा रहा है। इसे केंद्र एवं अन्य राज्यों की भांति छत्तीसगढ़ में भी लागू करने की जरूरत है। नव प्रवेशी छात्रों एवं नौकरी के लिए तैयारी कर रहे अभ्यर्थियों द्वारा बनाए गए आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के प्रमाणपत्रों की राज्य के शिक्षण संस्थाओं एवं भर्तियों में कोई उपयोग नहीं हो पा रहा है तथा छत्तीसगढ़ में ईडब्ल्यूएस वर्ग अपने आरक्षण से लगातार 7 वर्षों से वंचित होता ▶▶| शेष पेज 10 पर

- डिप्टी सीएम को सौंपा गया ज्ञापन

# भाजपाइयों ने अहिल्याबाई होलकर की 300 वीं जयंती शताब्दी पर मंदिरों में चलाया सफाई अभियान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

अहिल्याबाई होलकर की 300 वीं जयंती शताब्दी के अवसर पर भाजपा नेताओं ने पंचमुखी हनुमान मंदिर एवं ऊपर नीचे रोड मरीन ड्राईव पर स्थिति शिव मंदिर में सफाई अभियान चलाया गया। भाजपा के जिला पदाधिकारी, मंडल के पदाधिकारी, नगरपालिका अध्यक्ष एवं पार्षद 23 मई की सुबह पंचमुखी मंदिर में एकत्र हुए और मंदिर में पहले झाडू लगाया और उसके बाद पानी से धोते हुए सफाई अभियान चलाया। भाजपाई पंचमुंखी मंदिर के उपरांत ऊपर नीचे रोड मरीन ड्राईव पर स्थिति शिव मंदिर पहुँचे और सफाई अभियान चलाया। भाजपा जिलाध्यक्ष महेश जैन एवं अन्य नेताओं ने कहा कि देवी अहिल्या बाई होलकर की 300 वीं जयंती हमें उनके समाज सेवा, स्व्वछत्ता ओर समृद्वि के प्रति योगदान को याद करने का अवसर प्रदान करती है। यह सफाई अभियान न केवल पर्यावरण को स्व्छ रखने में मदद करेगा, बल्कि सामुदायिक सहभागिता और जागरूकता को भी बढ़ावा देगा। हम सभी ▶▶| शेष पेज10 पर

### ये रहे उपस्थित

आयोजित कार्यक्रम में नगरपालिका अध्यक्ष अरुण कौशिक, राजा देवनानी, देवेन्द्र भाऊ, दिनेश रजक, बिरेंद्र श्रीवास्तव, भूपेन्द्र नाग, नपा उपाध्यक्ष उत्तम यादव, गिरधर यादव, संजय सिन्हा, ईश्वर कावड़े, राजकुमार फब्यानी, पार्षद हितेंद्र खटवानी, टिकेंद्र ठाकुर, उगेश्वरी उइके, मंजू सारथी, विजय लक्ष्मी कौशिक, सरिता यादव, रमशीला साहू, शैलेन्द्र शोरी, टिकेंद्र प्रताप दुग्गा, नीलू तिवारी, अजय मोटवानी, तमन्ना लखवानी, विजय लखवानी, अशोक राठी और नगरपालिका के सफाई कर्मचारी, भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ जन सामान्य उपस्थित रहे।

# सेना के शौर्य व आपरेशन सिंदूर की सफलता पर नरहरपुर में निकाली गई तिरंगा यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

भारतीय सेना के शौर्य और पराक्रम के सम्मान में 23 मई शुक्रवार को नगर नरहरपुर में भारतीय सेना के शौर्य व आपरेशन सिंदूर की सफलता पर नगर मे ऐतहासिक तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। तिरंगा यात्रा सांस्कृतिक भवन के सामने से प्रारंभ होकर मुख्य मार्गों से होते हुए वीर शहीद हीरा सिंह निषाद की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर बाजार चौक से पुनः सांस्कृतिक भवन पहुँची। तिरंगा यात्रा में प्रमुख रूप से कांकेर विधायक आशा राम नेताम सहित बड़ी संख्या में नगरवासी अधिकारी कर्मचारी जनप्रतिनिधि सेवानिवृत्त सैनिक, छात्र-छात्राएं आदि शामिल हुए। इसके ▶▶| शेष पेज 10 पर




### इनकी रही उपस्थिति

तिरंगा यात्रा में जिला पंचायत उपाध्यक्ष तारा ठाकुर, जनपद अध्यक्ष सोमन कावड़े, नगर पंचायत अध्यक्ष प्यारी सलाम, मुकेश संचेती, संतोष भास्कर, विरेंद्र जैन, गोदावरी विश्वकर्मा, अनिता यादव, विजयेंद्र शुक्ला, भागवत शोरी, लक्ष्मी साहू, धनेश कौशिक, तहसीलदार पोरस वेंताल, सीईओ रवि साव, नगर निरीक्षक सुरेश राठौर, सीएमओ रोशन ठाकुर, एसडीओ बिसेन, बीईओ केके साहू, महाविद्यालय प्राचार्य बीआर भेड़िया, डॉ. लक्ष्मण शुक्ला सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## सामान्य सभा में जिम्मेदारों के न आने पर दिखी नाराजगी

# बिजली, स्वास्थ्य, वन, मत्स्य, राजस्व और आरईएस के अधिकारी रहे गायब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गूकोंदल



जनपद पंचायत दुर्गूकोंदल में 23 मई को सामान्य सभा की बैठक में बिजली विभाग, स्वास्थ्य विभाग, वन विभाग, मत्स्य विभाग, राजस्व विभाग, ग्रामीण यांत्रिकी विभाग के प्रमुख नदारद रहे। जनपद अध्यक्ष सहित सदस्यों ने नदारद रहे जिम्मेदारों पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि जिम्मेदारों का यह तरीका पूरी तरह से गलत है।

दुर्गूकोंदल जनपद पंचायत के सभाकक्ष में सामान्य सभा की बैठक जनपद अध्यक्ष गोपी बढ़ई की अध्यक्षता में हुई। जनप्रतिनिधियों ने स्कूल शिक्षा विभाग की उपलब्धि पर स्कूल शिक्षा विभाग की तारीफ किया। जनपद पंचायत के सीईओ सुरेंद्र बंजारे ने अगामी बैठक में विभागवार कार्यों की जानकारी सभी जनपद सदस्यों को फोल्डर बनाकर बैठक के पूर्व देने के लिए सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। सामान्य सभा की बैठक में ग्रीष्मकाल में सभी हैण्डपंपो को मरम्मत कर सोखता गड्ढा व मवेशियों के पेयजल के लिए पानी टंकी सभी ग्राम पंचायतों में बनाने का निर्णय लिया गया। सामान्य सभा की बैठक में विभिन्न विषयों पर चर्चा किया गया। विभाग प्रमुखों के कार्य की समीक्षा, 15 वें वित्त आयोग के अंतर्गत प्राप्त ब्याज राशि से कार्यों का अनुमोदन के बारे में बताया गया। कृषि विभाग, शिक्षा विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग और लोक निर्माण विभाग के कार्यों की समीक्षा शामिल रहा। जनपद पंचायत सदस्यों द्वारा बैठक में पेंशन योजना और सुखद सहारा योजना के पात्र हितग्राहियों को स्वीकृति प्रदान किया गया। साथ ही खण्ड स्तरीय अधिकारियों से अपने-अपने विभाग में चल रहे गतिविधियों के संबंध में जनप्रतिनिधियों को समय-समय पर अवगत कराना सूनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। महिला बाल विकास, खाद्य विभाग, आवास, प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना, कृषि, मनरेगा, उद्यानिकी विभाग ने अपनी जानकारी अवगत कराया।

आयोजित बैठक में जनपद उपाध्यक्ष आनंद तेता, कृषि सभापति सुलोचना कोरेटी, वन सभापति धनसाय हुर्रा, महिला बाल विकास सभापति सुशीला गावड़े, संचार एवं संकर्म सभापति विकास राजु नायक, सहकारिता एवं उद्योग सभापति निर्मला कोवाची, स्वास्थ्य एवं स्वछता सभापति सविता उइके, जनपद सदस्य पीलम नरेटी सहित सभी अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# धमतरी से ईंट बनाने आई महिला के साथ हुई मारपीट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर


उरैया में ईट बनाने के लिए धमतरी जिला से आई महिला के ऊपर कुत्ते के ऊपर पसिया फेंकने का आरोप लगाते हुए गांव के व्यक्ति के द्वारा मारपीट कर जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट किया। पीड़ित महिला ने आरोपी के व्यवहार से परेशान होकर आरोपी के खिलाफ शिकायत किया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज करते हुए विवेचना में लिया। नरहरपुर थाना में शिकायत करने पहुंची धमतरी जिला के दुगली थानांतर्गत पालवाड़ी निवासी 30 वर्षीय ने पुलिस को बताया कि ग्राम उरैला में जितेंद्र निषाद के घर जनवरी माह में ईंटा बनाने के लिए आए थे और उनके घर रहते थे। जितेंद्र निषाद के ईंटा बनाने के बाद जगमोहन शोरी के घर ईंटा बनाने के लिए गए थे और उनके घर में रहकर ईंटा बना रहे थे। मैं 21 मई की रात 9 बजें आंगन में खाना बना रही थी, उसी समय ▶▶| शेष पेज 10 पर

- महिला ने पुलिस से लगाई गुहार



## खबर संक्षेप

### कलेक्टर ने आंगनबाड़ी केंद्रों व स्कूलों का किया निरीक्षण



**कोण्डागांव।** कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना ने आज जिले के विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्रों और सविद्यालयों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्रों में भवन की स्थिति, बच्चों की दर्ज संख्या, पेयजल की उपलब्धता, विद्युत व्यवस्था सहित सभी आवश्यक अधोसंरचना की जानकारी ली और जिला कार्यक्रम अधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने तहसीलपारा, डीएनके, कोपाबेड़ा, महात्मा गांधी वार्ड आंगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण किया। इसके साथ ही उन्होंने शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय और कन्या विद्यालय का भी निरीक्षण कर आवश्यक मरम्मत कार्य के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया।

### एनएच में बहीगांव बेड़मा के बीच पलटा कोलड्रिंक्स से भरा वाहन

**कोंडागांव।** नेशनल हाइवे 30 बहीगांव से बेड़मा के बीच गुरुवार और शुक्रवार की मध्य रात्रीय करीब 3 बजे कोल्ड ड्रिंक्स से भरा माजदा वाहन अनियंत्रित होकर रोड किनारे पलट गया। पलटने से वाहन में भरा हुआ कोल्ड ड्रिंक गिरकर फैल गया। हादसे मेंचालक परिचालक को कोई गंभीर चोट नहीं आई। दोनों बाल बाल बच गए। माजदा वाहन के चालक ने बताया कि माजदा वाहन में कोल्ड ड्रिंक भरकर रायपुर से जगदलपुर छोड़ने जा रहे थे। तभी सामने से आ रहे ट्रक को बचाने के चक्कर में यह हादसा हो गया।

### इतिहास को सही रूप में जानना जरूरी: निरंजन

**नारायणपुर।** शुक्रवार को नारायणपुर के जिला भाजपा कार्यालय में रानी अहिल्याबाई होलकर की 300वीं जयंती के अवसर पर जिलास्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया. जिसमें भाजपा बस्तर संभाग के सहप्रभारी निरंजन सिन्हा मुख्यवक्ता के रूप मे उपस्थित हुए। इस दौरान श्री सिन्हा ने कहा कि रानी अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती के अवसर पर पूरे देश में कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है। आगे उन्होंने ने कहा 57 साल के कांग्रेस के कार्यकाल में कांग्रेस ने इतिहास को तोड़ मरोड़ कर प्रस्तुत किया, लेकिन बीजेपी चाहती है इस देश के अंदर और समाज में जिनका भी योगदान रहा है आज की पीढ़ी और आने वाली पीढ़ी को उनकी समुचित और सही जानकारी हो. इसलिए भाजपा पूरे देश में रानी अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती पर कार्यशाला आयोजित करने के साथ ही परिचर्चा और गोष्ठी आयोजित करने जा रही है. निरंजन सिन्हा ने आगे कहा कि रानी अहिल्याबाई ने देश और समाज को एक कुशल शासक और प्रशासक के रूप में देश में अपना योगदान दिया.

# कोहड़ापारा निवासियों को मिली राहत वर्षों बाद मिलेगा पेयजल, लगा हैंडपंप

- सुशासन तिहार में मिली शिकायत पर कलेक्टर के निर्देश पर हुआ समाधान

**कोण्डागांव/धनोरा।** जिला मुख्यालय से लगभग 70 किलोमीटर दूर स्थित केशकाल विकासखंड अंतर्गत खालेबेन्दी गांव के कोहड़ापारा में निवासरत सात परिवारों को वर्षों से पेयजल की गंभीर समस्या का सामना करना पड़ रहा था।

सुशासन तिहार 2025 के दौरान ग्रामीणों की समस्याओं के बारे में जानकारी मिलने पर कलेक्टर नुपूर राशि पन्ना के निर्देश पर केशकाल एसडीएम अंकित चौहान के नेतृत्व में जिला प्रशासन की टीम ने गांव पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया और शीघ्र समाधान की दिशा में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग ने जिला प्रशासन के साथ समन्वय स्थापित कर तत्परता से कार्रवाई की। क्षेत्र में किसी भी प्रकार की जल आपूर्ति व्यवस्था मौजूद न होने तथा समस्या की गंभीरता को देखते हुए, विभाग ने प्राथमिकता के आधार पर कोहड़ा पारा में एक नया हैंडपंप स्थापित किया। इस पहल से न केवल ग्रामीणों की वर्षों



पुरानी समस्या का स्थायी समाधान हुआ, बल्कि उनके जीवन में सुविधा, सुरक्षा और सम्मान भी लौटा। शासन-प्रशासन की इस त्वरित और संवेदनशील पहल से ग्रामीणों ने शासन का आभार जताया।

# ग्राम परोदा को बाढ़ से मिलेगी अब मुक्ति, बनेगी पक्की पुलिया

- मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय 01 जून को भोंगापाल मंच से करेंगे घोषणा

**धनोरा/ केसकाल।** दशकों से नदी बाढ़ के कारण आवागमन से वंचित रहे ग्राम पंचायत परोदा के ग्रामीणों को आखिरकार राहत मिलने जा रही है। केसकाल विधानसभा क्षेत्र के विधायक नीलकंठ टेकाम के प्रयासों से ग्राम परोदा के बारदा नदी पर पक्का पुलिया निर्माण की घोषणा मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय द्वारा आगामी 01 जून 2025 को बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर फरसगांव ब्लॉक के ग्राम भोंगापाल में आयोजित कार्यक्रम के दौरान की जाएगी।

उल्लेखनीय है कि ग्राम पंचायत परोदा में लंबे समय से बारदा नदी पर पक्के पुलिया की मांग की जा रही थी। इस संबंध में तत्कालीन पूर्व सरपंच सोमनाथ शोरी, उप सरपंच चीतेश मरापी और पंचायत प्रतिनिधियों ने केसकाल विधायक नीलकंठ टेकाम से संपर्क कर जनहित में यह मांग रखी थी।दिनांक 20 मई 2025 को ग्राम परोदा के पूर्व सरपंच सोमनाथ शोरी, वार्ड पंच रामेश्वर पोटाई, रामेश्वर शोरी और अन्य ग्रामीणों ने केसकाल पहुंचकर विधायक निवास में विधायक के निजी सचिव श्री आकाश दीप खवास से मुलाकात की। मुलाकात के दौरान उन्हें जानकारी दी गई कि विधायक टेकाम द्वारा ग्राम परोदा के पुलिया निर्माण का प्रस्ताव पूर्व में ई-कोंडागांव कार्यालय भेजा जा चुका



## सुशासन तिहार : बासिंग कैम्प परिसर में मुख्यमंत्री ने लगाई जन-चौपाल

# जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन का लेने आया हूं जायजा: मुख्यमंत्री विष्णुदेव

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारायणपुर

ओरछा विकासखण्ड के बासिंग सुरक्षा कैंप में आयोजित जन चौपाल कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि शासकीय जनकल्याणकारी योजनाओं का क्षेत्र में क्रियान्वयन का जायजा लेने आप लोगों के बीच आया हूँ। सुशासन तिहार के माध्यम से जनता की समस्याओं और मांगों के लिए कार्यक्रम किया जिसमें प्राप्त आवेदनों का विभागों द्वारा निराकरण किया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि अबूझमाड़ एक प्राकृतिक सम्पन्नता वाला क्षेत्र है जहाँ नक्सलवाद के कारण विकास बाधित रहा है। जवानों हौसलों से अब विकास कार्य को गति मिली है, केंद्र सरकार के सहयोग से अब नक्सल गतिविधियों पर अंकुश लगा रहे है। नक्सल गतिविधियों पर नियंत्रण उपरांत क्षेत्र प्राकृतिक सौंदर्य भरपूर यह क्षेत्र सही मायने में स्वर्ग बन जाएगा। कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, वनमंत्री केदार कश्यप भी उपस्थित थे।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथियों का ग्रामीणों ने पारंपरिक तरीके से सिर पर पीला साफा पहनाकर व कलगी लगाकर और हार पहनाकर आत्मीय स्वागत किया। समर कैंप के बच्चों ने अपने हाथों से बनाई सजावटी सामानों से मुख्यमंत्री, गृहमंत्री और वनमंत्री का स्वागत किया। साथ ही अबूझमाड़ हाफ पीस मैराथन में हिस्सा लेने वाले दो स्कूली बच्चों से मुलाकात कर उनकी हौसला



अफ़ज़ाई की। इस दौरान आँगनबाड़ी के बच्चों ने पुष्प गुच्छ भेंट कर तिलक लगाया जिस पर तीनों अतिथियों ने चारपाई से उठकर उनको चारपाई में खड़ाकर चाकलेट देकर दुलार किया। इसके अलावा मेघावी छात्रों को सम्मानित कर बधाई दी। कार्यक्रम में महतारी वंदन योजनाओं के लाभार्थियों से चर्चा किए।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री साय ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 6 हितग्राहियों को आवास की चाबी, स्वीकृति आदेश, प्रथम किस्त की राशि प्रदाय किया। इसके अलावा मनरेगा के तहत आवास हितग्राही को नगद राशि का भुगतान किया।मुख्यमंत्री नोनी सशक्तिकरण सहायता योजना और मिनीमाता महतारी जतन योजना के एक-एक लाभार्थी को बीस हजार का चेक वितरित किया। समाज कल्याण विभाग द्वारा दिव्यांग सिदु को व्हीलचेयर, उद्यानिकी विभाग द्वारा सब्जी मिनी किट, मत्स्य पालन विभाग के द्वारा कुरुषनार के मछुवा समिति को सामग्री वितरण किया।

**इनकी रही उपस्थिति :** इस अवसर पर जिला पंचायत के अध्यक्ष नारायण मरकाम, नगर पालिका के अध्यक्ष इंद्रप्रसाद बघेल, जिला पंचायत उपाध्यक्ष प्रतापसिंह मण्डावी, पुलिस महानिदेशक अरूण देव गौतम, एडीजी नक्सल ऑपरेशन विवेकानंद, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव सुबोध कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव राहुल भगत, बस्तर कमिश्नर डोमन सिंह, आईजी सुंदरराज पी, डीआईजी अमित तुकाराम कामले, आयुक्त जनसंपर्क डॉ. रवि मित्तल, कलेक्टर नारायणपुर प्रतिष्ठा ममगाईं, पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार, जिला पंचायत सीईओ आकांक्षा शिक्षा खलखो, वनमंडलाधिकारी ससिगानंदन के सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी एवं ग्रामीणजन और पत्रकारगण उपस्थित थे।

### 'मुख्यमंत्री ने दी ये सौगात

20 लाख की लागत से ग्राम मुरहापदर में पुलिया निर्माण, 10 लाख की लागत से बासिंग हेतु खेल मैदान की स्वीकृति, 10 लाख की लागत से बासिंग में बालक आश्रम एवं माध्यमिक शाला मरम्मत की स्वीकृति, 24 लाख की लागत से ग्राम मुरहापदर और एहनार में नवीन आंगनबाड़ी भवन, 25 लाख की लागत से ग्राम बासिंग में हाट बाजार से बस्ती तक 500मीटर सीसी सड़क की स्वीकृति, ग्राम कुंदला, बासिंग और मुरहापदर में नवीन घोटूल के लिए 15 लाख की स्वीकृति। कुल 01 करोड़ 04 लाख की स्वीकृति दी।

### बाइक में गश्त के लिए जवानों को डिप्टी सीएम ने किया रवाना

इसके अलावा मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा और वनमंत्री केदार कश्यप ने सुरक्षा बलों को गस्त करने के लिए 50 बाइक को जवानों के साथ हरी झंडी दिखाकर रवाना किया । साथ ही मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आदिवासी विकास विभाग द्वारा ओरछा में 250 सीटर बालक छात्रावास भवन निर्माण एवं वाटर सप्लाई तथा विद्युतीकरण कार्य के लिए 8 करोड़ एक लाख की लागत की विकास कार्य का लोकार्पण किया।



# बहीगांव समाधान शिविर में 166 हितग्राही हुए लाभान्वित

**कोण्डागांव।** केशकाल विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत बहीगांव में सुशासन तिहार के अंतर्गत समाधान शिविर का आयोजन किया जिसमें 8 से 11 अप्रैल तक ग्राम पंचायतों में सुशासन तिहार के तहत प्राप्त आवेदनों का विभिन्न विभागों के द्वारा निराकरण किया गया तथा शासन की महत्वपूर्ण हितग्राहीमूलक योजनाओं से हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया। शिविर में कुल 10 ग्राम पंचायत को क्लस्टर स्तर पर सम्मिलित करते हुए बहीगांव में शिविर किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधायक सेवक राम नेताम, जनपद पंचायत अध्यक्ष नंदनी पोटाई उपस्थित रहे।

बहीगांव समाधान शिविर में 39 हितग्राहियों को राशन कार्ड, पंचायत विभाग द्वारा 26 को मनरेगा जॉब कार्ड, राजस्व विभाग द्वारा 20 को निवास प्रमाण, 20 हितग्राहियों को जाति प्रमाण पत्र और 14 किसान किताब, उद्यान विभाग द्वारा 15 किसानों को सब्जी बीज, सहकारिता विभाग द्वारा 10 किसानों को धान बीज और 09 किसान क्रेडिट कार्ड वितरित किया गया। इसी तरह महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा 13 हितग्राहियों का गोद भराई कार्यक्रम संपन्न कराया गया।

उपस्थित रहे ये – शिविर में जिला पंचायत सदस्य कपिल नाग, चरनतीन राजेश नेताम, जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अंकित चौहान, सीईओ जनपद केशकाल, तहसीलदार केशकाल, सभी सरपंचगण उपस्थित रहे।

# जुगानीकलार समाधान शिविर में 154 ग्रामीणों को मिली हितग्राहीमूलक सामग्री



**कोण्डागांव/ फरसगांव।** सुशासन तिहार 2025 अंतर्गत विकासखण्ड फरसगांव के ग्राम पंचायत जुगानीकलार में शुक्रवार को क्लस्टर स्तरीय समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में जनपद पंचायत अध्यक्ष मानकराम नेताम एवं जनप्रतिनिधि, जिला स्तरीय, खण्ड स्तरीय अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। शिविर में प्रथम चरण में प्राप्त आवेदनों का निराकरण की जानकारी क्लस्टर के 08 पंचायतों को दिया गया।

शिविर का शुभारंभ जनपद पंचायत अध्यक्ष मानकराम नेताम, जनपद सदस्य विजय मरकाम, श्रीमती मनीषा नेताम व सुकडूराम मण्डावी सहित 08 ग्राम पंचायतों के सरपंच, पंच, गांयता पुजारी के द्वारा किया गया। शिविर में कुल 205 आवेदन प्राप्त हुये जिनमें से 29 आवेदनों को मौके पर निराकरण किया गया। शेष आवेदनों को संबंधित विभाग के द्वारा किया जा कर आवेदकों को सूचित किया जाएगा। शिविर में जनप्रतिनिधियों के करकमलों से 15 हितग्राहियों को सब्जी मिनी कीट, 13 हितग्राहियों को मनरेगा जॉब कार्ड, 15 हितग्राहियों को केसीसी किसान कार्ड, 12 हितग्राहियों को मच्छर दानी, 08 हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड, 65 हितग्राहियों को राशन कार्ड, 20 हितग्राहियों को जाति प्रमाण पत्र वितरण संबंधित विभाग के द्वारा किया गया। अतिथियों के द्वारा 03 गर्भवती माताओं का गोदभराई एवं 03 बालकों का अन्नप्रासन कराया गया ।

# लोकपाल ने मनरेगा हितग्राहियों की समस्याओं को सुलझाने पर दिया जोर

**कोण्डागांव।** महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना मनरेगा की कार्यप्रणाली एवं हितग्राहियों की समस्याओं के निराकरण को लेकर लोकपाल ऋषभ कुमार जैन ने विकासखंड बड़े राजपुर अंतर्गत जनपद पंचायत बड़ेराजपुर विश्रामपुरी के सभागार में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की।

बैठक में लोकपाल श्री जैन ने मनरेगा के अंतर्गत कार्यरत मजदूरों एवं हितग्राहियों से संबंधित मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की और उनकी समस्याओं को प्राथमिकता से सुलझाने की आवश्यकता जताई।



उन्होंने उपस्थित अधिकारियों और पंचायत प्रतिनिधियों से कहा कि यदि हितग्राही किसी प्रकार की शिकायत दर्ज कराना चाहें, तो वे जिला पंचायत कोंडागांव स्थित लोकपाल कार्यालय में कार्यालयीन समय पर आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। लोकपाल ने यह भी निर्देश दिया कि प्रत्येक पंचायत के सूचना पटल पर लोकपाल का नाम और मोबाइल नंबर स्पष्ट रूप से अंकित किया जाए। जिससे आमजन अपनी शिकायतें सीधे लोकपाल तक पहुंचा सकें और समय पर समस्याओं का समाधान हो सके।

**49 में से 37 पंचायतों से आए रोजगार सहायक :** इस बैठक में लोकपाल ने अपने दायित्वों और कार्यप्रणाली की जानकारी भी साझा की, जिससे उपस्थित जनप्रतिनिधियों और कर्मचारियों को मनरेगा संबंधी प्रक्रियाओं में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने की दिशा में मार्गदर्शन मिला। बैठक में कुल 49 पंचायतों में से 37 पंचायतों के रोजगार सहायक उपस्थित रहे।

**ये रहे उपस्थित :** इस अवसर पर जनपद पंचायत बड़े राजपुर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी बीएस बढ़ई, कार्यक्रम अधिकारी लक्ष्मीकांत सुनेबुइर, तथा पीएम आवास कोऑर्डिनेटर हेमंत साहू भी उपस्थित रहे।



# विधायक लता उसेंडी ने लाखों के विकासकार्यों का किया भूमिपूजन

**कोण्डागांव।** कोंडागांव विधानसभा क्षेत्र में विकास की रफ्तार को और गति देने के उद्देश्य से क्षेत्र की लोकप्रिय विधायक सुश्री लता उसेंडी ने आज कुल 78.27 लाख रुपए लागत के विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन किया। इन कार्यों में दहीकोंगा में शेड निर्माण 18.54 लाख, जोबा में सीसी सड़क 14.6 लाख व शेड निर्माण 15.45 लाख, सुकुरपाल में सीसी सड़क 8.44 लाख व पुल निर्माण 7 लाख, दहीकोंगा में सीसी सड़क 9.23 लाख और जोबा में रंगमंच निर्माण 5 लाख शामिल हैं। इस अवसर पर रामदाई नाग, मोमबती बघेल, हितेंद्र झा, प्रेम नेताम सहित अनेक जनप्रतिनिधि व ग्रामीण जन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। सुश्री उसेंडी ने कहा कि यह कार्य ग्रामीणों की सुविधा और क्षेत्र के सवांर्गीण विकास की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम है।

### शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

**कोण्डागांव।** थाना कोंडागांव क्षेत्र में एक युवती के साथ धोखाधड़ी कर लगातार दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी बैसाखू कोर्राम को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, पीड़िता ने थाना कोंडागांव में रिपोर्ट दर्ज कराई कि बैसाखू कोर्राम ने उसे शादी का झांसा देकर पिछले एक वर्ष से उसकी इच्छा के विरुद्ध शारीरिक संबंध बनाए।

## पेज 11 के शेष

### आर्थिक रूप से कमजोर...

चला आ रहा है। छात्रों एवं अभ्यर्थियों को 10 प्रतिशत ईडब्ल्यूएस आरक्षण प्राप्त नहीं होने के कारण वह मानसिक रूप से कुंठित, प्रताड़ित और निराशा का अनुभव कर रहे हैं। छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार बनने पर छात्रों एवं अभ्यर्थियों में एक नई उम्मीद जागी थी, पर वर्तमान सरकार द्वारा भी इसे लागू नहीं किया जा रहा है, जिनसे यह वर्ग अपने आप को छला हुआ महसूस कर रहा है। सरकार ने अपने घोषणा पत्र में भी आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के छात्रों एवं अभ्यर्थियों को लाभ पहुंचाने का उल्लेख किया है अब इसे अविलंब लागू करने की आवश्यकता है। छत्तीसगढ़ के निवासियों को शिक्षण संस्थानों में प्रवेश तथा नौकरियों में लाभ प्राप्त हो सके।

### भाजपाइयों ने अहिल्याबाई...

को मिलकर उनके आदर्शों को जीवित रखने का संकल्प लेना चाहिए। अहिल्याबाई होलकर ने अपने राजकीय कार्यकाल मे मंदिरों का जीर्णोद्धार करवाया था। अहिल्याबाई होलकर साफ सफाई पर विशेष ध्यान देती थे, इसी के अंतर्गत शहर मंडल प्रभारी जिला महामंत्री दिलीप जायसवाल के नेतृत्व में सफाई अभियान चलाया गया।

### सेना के शौर्य व आपरेशन...

साथ ही सभी ने हाथों में तिरंगा लेकर देशभक्ति के नारों से पूरे वातावरण को राष्ट्रप्रेम से सराबोर कर दिया। भारत माता की जय, वंदे मातरम् और भारतीय सेना जिंदाबाद के नारों की गूंज से नरहरपुर देशभक्ति का माहौल बन गया। आपरेशन सिंदूर की सफलता पर भारतीय सेना को धन्यवाद दिया तथा सभी हम सेना के साथ है, भारतीय सेना को भरोसा दिलाया।

### धमतरी से ईंट बनाने...

जितेंद्र निषाद आया और कहने लगा कि मेरे कुत्ते के ऊपर पसिया को क्यों फेंके हो, मेरी बात सुने मुझे गाली देने लगा। मैने गाली देने मना किया, उसके बाद गुस्से में आरोपी जान से मार देने की धमकी देते हुए हाथ मुक्का से मारपीट कर दिया। हमारे साथ के लोगों ने जैसे तैसे बीच बचाव किया। आरोपी के मारपीट करने से मेरे दोनों गाल एवं गला में दर्द हो रहा है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी जितेंद्र निषाद के खिलाफ धारा 115 (2), 296, 351 (2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज करते हुए विवेचना में लिया है।

## राजीव गांधी का जीवन आज भी युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत

# पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी को दी गई श्रद्धांजलि

**कोण्डागांव।** बुधवार 21 मई को कोंडागांव जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा कांग्रेस भवन कोंडागांव में देश के पूर्व प्रधानमंत्री, आधुनिक भारत के स्वप्न दृष्टा और कंप्यूटर क्रांति के जनक स्वर्गीय राजीव गांधी जी की पुण्यतिथि श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता, पदाधिकारी एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने स्व. राजीव गाँधी के योगदानों को विस्तार से याद किया। उन्होंने बताया कि कैसे राजीव गाँधी ने अपने दूरदर्शी विचारों से भारत को सूचना प्रौद्योगिकी की दिशा में अग्रसर किया और देश में आधुनिकता की नींव रखी। उनके कार्यकाल में लिए गए ऐतिहासिक निर्णयों और योजनाओं ने



भारत को 21वीं सदी की ओर मजबूती से बढ़ाया। ग्रामीण क्षेत्रें तक पंचायती राज की अवधारणा, युवाओं के लिए 18 वर्ष में मतदान का अधिकार और संचार माध्यमों के आधुनिकीकरण जैसे कई अहम फैसलों का श्रेय उन्हें जाता है।

कार्यक्रम के अंत में सभी ने दो मिनट का मौन रखकर राजीव गाँधी को श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके सपनों के भारत को साकार करने का संकल्प दोहराया। इस अवसर पर कांग्रेसजनों ने यह भी कहा कि स्वर्गीय राजीव गाँधी का जीवन और कार्य आज के युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है और उनके द्वारा दिखाए गए मार्ग पर चलकर ही देश को प्रगति की नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया जा सकता है।

**ये रहे मौजुद** – श्रद्धांजलि सभा में जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री रितेश पटेल, प्रदेश सचिव सकूर खान, मंडल अध्यक्ष नरेन्द्र देवांगन, महिला कांग्रेस शहर अध्यक्ष सह पार्षद कोंडागांव हेमा देवांगन, प्रीति भदौरिया, सन्नी चोपड़ा, गीतेश बघेल, देवेंद्र कोर्राम, भूपेंद्र ध्रुव, गोकुल प्रधान, सुनील रैकवार, बुधराम मरकाम समेत कई कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

**खबर संक्षेप**

### एजुकेशन सिटी जावंगा में हुई बैठक



**गीदम।** गीदम विकासखंड का विकासखंड स्तरीय समीक्षा बैठक एजुकेशन सिटी जावंगा के आडिटोरियम में आयोजित किया गया। जिसमें विधायक दंतेवाड़ा चैतराम अटामी, जनपद अध्यक्ष शकुन्तला भास्कर, जनपद उपाध्यक्ष व विकासखंड शिक्षा समिति अध्यक्ष दिनेश कौशल, एवं जनपद सदस्य, बीईओ गीदम, एबीईओ गीदम, खण्ड स्त्रोत समन्वयक गीदम, संकुल समन्वयक सहित प्रधानअध्यापक, एवं शिक्षक उपस्थित रहे। इस बैठक में शाला भवन की स्थिति, शौचालय , किचनशेड , बाउंड्री वॉल सहित अन्य भौतिक आवश्यकता पर चर्चा हुई। शैक्षणिक नवाचार करने वाले शिक्षकों को प्रोत्साहन सहित शिक्षा गुणवत्ता पर विशेष फोकस करने समीक्षा बैठक आयोजित की गई। विधायक एवं शिक्षा समिति जनपद गीदम ने शाला खुलने से पहले सारी व्यवस्था दुरुस्त करने एवं अधिक ऊर्जा के साथ कार्य करने प्रोत्साहित किया।

### मोड़ियम पारा वासियों को पेयजल समस्या से मिली राहत



**बीजापुर।** जिला मुख्यालय से करीब 18 किलोमीटर दूर स्थित ग्राम चेरकंठी के मोड़ियम पारा के ग्रामीणों को आखिरकार पेयजल समस्या से बड़ी राहत मिल गई है। कलेक्टर संबित मिश्रा के त्वरित एक्शन ने गांव में बोर खनन और हैंडपंप लगवा दिया है, जिससे लगभग 20 परिवारों की सालों पुरानी परेशानी दूर हो गई है। मोड़ियम पारा के निवासियों को पीने के पानी के लिए अब तक 2 किलोमीटर से भी अधिक दूर पैदल जाना पड़ता था। यह ग्रामीणों के लिए एक बड़ी और दैनिक चुनौती थी। कलेक्टर संबित मिश्रा ने ग्रामीणों के आवेदन को गंभीरता से लिया। उन्होंने बिना देरी किए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को तुरंत बोर खनन करने और हैंडपंप स्थापित करने के निर्देश दिए।

## नक्सल प्रभावित ग्राम कोंडरे पहुंची दीपिका, समाधान शिविर में हुई शामिल

# मजदूरों का पैसा गबन करने पर भेजेंगे जेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा





सुशासन तिहार के तीसरे चरण का समाधान शिविर शुक्रवार को सुकमा विकासखण्ड के नक्सल प्रभावित क्षेत्र के कलस्टर ग्राम पंचायत कोंडरे में आयोजित किया गया। छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की सदस्य अधिवक्ता दीपिका शोरी सहित जनप्रतिनिधि धनीराम बारसे,

- राज्य महिला आयोग सदस्य ने ग्रामीणों से कहा बिना किसी से डरे करें भ्रष्टाचार की शिकायत

दिलीप पेद्दी, शोभन गंदामी व सभी पंचायतों के सरपंच एवं जनपद सदस्य एवं अनेक जनप्रतिनिधियों एवं क्षेत्र के नागरिकों की उपस्थिति में कोंडरे, बोड़को, पोरदेम, गुफडी, गोंदपल्ली, गोंडेरास शामिल आदि पंचायतों के ग्रामीणों को उनके आवेदनों के निराकरण की जानकारी दी गई। समाधान शिविर में सभी विभागों के जिला एवं खण्डस्तरीय अधिकारी अपने विभागीय स्टाल के साथ उपस्थित रहकर ग्रामीणों को शासकीय योजनाओं की जानकारी देते हुए कैसे इन योजनाओं का लिया जा सकता है बताया।

समाधान शिविर में ग्रामीणों को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि राज्य महिला आयोग की सदस्य अधिवक्ता दीपिका शोरी ने कहा कि जब इस शिविर का लाभ आप सबको पूर्णत : मिलेगा तभी छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने जो सोचा है वह सार्थक होगा, शासन के प्रत्येक विभाग में जनकल्याण कारी योजनाएं चल रही है जिससे हम विभागों से लाभ ले सकते हैं इसलिये आप सभी इसमें शिविर के माध्यम से अपनी मांगों एवं समस्याओं का पंजीयन अवश्य करवाएं।

सुकमा के संवेदनशील कलेक्टर देवेश ध्रुव के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि जिले के प्रत्येक कर्मचारी, अधिकारियों का व्यवहार कलेक्टर ध्रुव जैसा होना चाहिए जितनी संवेदनशीलता इस कार्यक्रम को कराने में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री रुचि ले रहे हैं। उतनी ही संवेदनशीलता से सुकमा कलेक्टर शिविर में प्राप्त आवेदनों पर विचार कर उसका निराकरण कर रहे हैं। इस दौरान राज्य महिला आयोग की सदस्य अधिवक्ता शोरी ने ग्रामीणों से सीधा संवाद किया और कहा कि जो भी शिकायत है बिना डरे और बिना झिझके मुझसे करें कितनी भी बड़ी हस्ती हो अगर मजदूरों का पैसा गबन करेगा तो निश्चित रूप से जांच कमेटी बनेगी और दोषी पाए जाने पर जेल भी जाएगा।

विभागीय अधिकारियों ने बारी-बारी से मंच पर आकर उनके विभाग से संबंधित प्राप्त कुल आवेदनों की संख्या,आवेदक का नाम, निराकृत आवेदनों एवं खारिज किए गए आवेदनों की जानकारी विस्तार से दी। शिविर में ग्रामीणों को उनके आवेदन के निराकरण की स्थिति से अवगत कराया गया। ग्रामीणों द्वारा मांग से संबंधित आवेदनों में मुख्य रूप से पीएम आवास, पेयजल की समस्या, महतारी वंदन योजना आदि मांग शामिल है। सुश्री शोरी ने कहा कि आप सभी अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर इस शिविर का लाभ लें एवं सर्वप्रथम अपनी मूल समस्याओं को एवं मांगों को लेकर आवेदन दें जिसे शीघ्रता से पूर्ण किया जा सके।

शिविर में उपस्थित सभी को सम्बोधित करते हुए छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की सदस्य अधिवक्ता दीपिका शोरी ने महिला आयोग के कार्यों को भी विस्तृत रूप से बताया साथ ही कहा कि प्रत्येक शिविर में मैं महिला आयोग के कार्य एवं अधिकार बता रही हूं जिसका मुख्य उद्देश्य यह है हमारी माताएं, बहने समस्त दायित्वों का निर्वहन करते हुए अपने अधिकारों को भी जाने आज यदि मुझे यह दायित्व मिला है तो मैं चाहती हूं मेरे गृहजिले में कोई भी महिला किसी अपराध, शोषण का शिकार न हो उन्हें उचित न्याय मिले अधिक से अधिक महिलाएं इसका लाभ लें हम आयोग के माध्यम से महिलाओं को निःशुल्क एवं त्वरित न्याय दिलाते हैं। शिविर में जिला पंचायत सदस्य गीता कवासी, जनपद अध्यक्ष सन्तोष ईडो, जनपद सदस्य पोज्जे पोडियामी,जनप्रतिनिधि धनीराम बारसे, दिलीप पेद्दी ने भी उपस्थित ग्रामीणों को सम्बोधित करते हुए राज्य एवं भारत सरकार की योजनाओं को बताया।

### गोद भराई एवं अन्नप्राशन रस्म हुआ सम्पन्न

महिला एवं बाल विकास विभाग के द्वारा नवजात शिशु के अन्नप्राशन के साथ-साथ गर्भवती माताओं की गोद भराई की रस्म अदायगी की गई, जिसमें समस्त जनप्रतिनिधियों के द्वारा नवजात शिशुओं को खीर खिलाई गई एवं गर्भवती माताओं को हल्दी, कुमकुम लगाकर उपहार दिया व उनके उत्तम स्वास्थ्य की कामना की।

## स्वास्थ्य सुविधाओं को दुरुस्त करने कलेक्टर ने किया औचक निरीक्षण

### पीएचसी गगनपल्ली में स्वास्थ्य कार्यकर्ता को नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोंटा





कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव गुरुवार को कोंटा विकासखंड के दौरे पर निकले। उन्होंने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोंटा का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माणाधीन हॉस्पिटल भवन को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही मरीजों की सुविधा के लिए स्वास्थ्य कर्मचारियों की शत प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

स्वास्थ्य केंद्र में साफ सफाई के साथ ही बिजली पानी की उपलब्धता भी सुनिश्चित करने कहा। इसके पश्चात वे उप स्वास्थ्य केंद्र इंजरम पहुंचे। यहां पर उन्होंने हॉस्पिटल परिसर में फेंसिंग करने तथा शेड लगाने के निर्देश दिए। हॉस्पिटल में सोलर लाइट लगाने और एम्बुलेंस की व्यवस्था दुरुस्त करने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। इसके पश्चात वे उपस्वास्थ्य केन्द्र एर्राबोर से होते हुए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गगनपल्ली पहुंचे। जहां उन्होंने खिड़कियों को ठीक करने और पानी की समस्या को दूर करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही मरीजों के लिए पर्याप्त मात्रा में दवा की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। गगनपल्ली में कार्यरत आरएचओ हरीश कुमार के अनुपस्थित रहने पर शो काज नोटिस जारी किया गया।

इसके पश्चात कलेक्टर ध्रुव ने बेरला, मुलाकिसोली और मेटारास में ग्रामीणों के घर घर पहुंचकर उनसे चर्चा की। उन्होंने शासन की योजनाओं जल जीवन मिशन, स्वच्छ पेयजल, पेंशन, बच्चों को समयबद्ध टीकाकरण, पीएम आवास योजना, पीडीएस योजना आदि के बारे में ग्रामीणों से जानकारी प्राप्त की।

## नागरिकों को मिलेगी डिजिटल सुविधाओं का लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा



कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशन में आज कलेक्ट्रेट कार्यालय के सभाकक्ष में रजिस्ट्री में 10 नई क्रांतियाँ विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य आम नागरिकों को पंजीयन विभाग में हाल ही में लागू की गई अत्याधुनिक डिजिटल सेवाओं की जानकारी देना।

कार्यशाला में तहसीलदार अनिल कुमार ध्रुव ने बताया कि रजिस्ट्री प्रक्रिया में पारदर्शिता, गति

- पंजीयन विभाग में रजिस्ट्री में 10 नई क्रांतियाँ कार्यशाला का आयोजन

और सुरक्षा लाने के लिए विभाग ने 10 नवाचार प्रारंभ किए हैं। इन पहलों से न केवल फर्जी रजिस्ट्री पर अंकुश लगेगा, बल्कि नागरिकों को घर बैठे ही अनेक सेवाएं उपलब्ध होंगी।

उन्होंने बताया कि अब क्रेता और विक्रेता की पहचान आधार नंबर और बायोमैट्रिक के माध्यम से की जाएगी जिससे फर्जी रजिस्ट्री की घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण होगा। साथ ही नागरिक अब खसरा नंबर दर्ज कर संपत्ति की पूर्व रजिस्ट्री देख सकते हैं और दस्तावेज डाउनलोड भी कर सकते हैं, जिससे विवादित या बंधक संपत्ति की जानकारी पहले ही मिल जाएगी।

संपत्ति पर ऋण या पूर्व विक्रय की स्थिति ऑनलाइन भारमुक्त प्रमाण पत्र के माध्यम से जानी जा सकेगी, जो बैंक लोन या शासकीय कार्यों के लिए आवश्यक होता है। स्टाम्प शुल्क और रजिस्ट्री शुल्क का भुगतान अब कैशलेस माध्यमों जैसे यूपीआई, डेबिट कार्ड व नेट बैंकिंग से किया जा सकेगा। इससे पहले यह भुगतान अलग-अलग स्थानों पर नकद में करना पड़ता था।

नवाचारों के अंतर्गत रजिस्ट्री प्रक्रिया से जुड़ी विभिन्न सेवाएं अब व्हाट्सएप पर भी उपलब्ध होंगी। जैसे स्लॉट बुकिंग, दस्तावेज की स्थिति, पंजीयन पूर्ण होने की सूचना और रजिस्ट्री की प्रति स्वतः व्हाट्सएप पर प्राप्त होगी। साथ ही व्हाट्सएप के माध्यम से शिकायतें एवं फीडबैक भी दिए जा सकेंगे।

उन्होंने बताया कि पंजीकृत दस्तावेज अब डिजीलॉकर में संरक्षित रहेंगे जिन्हें आवश्यकता अनुसार कभी भी डाउनलोड किया जा सकेगा। पक्षकार द्वारा जानकारी भरने के बाद रजिस्ट्री दस्तावेज स्वतः जनरेट होंगे और उप पंजीयक को डिजिटल रूप में प्रस्तुत किए जाएंगे। डिजीडॉक सेवा के माध्यम से किरायानामा, अनुबंध जैसे गैर-पंजीकृत दस्तावेज अब घर बैठे डिजिटल स्टाम्प सहित तैयार किए जा सकते हैं। इसके अलावा, कुछ दस्तावेजों जैसे रेंट एग्रीमेंट, मोर्गेज डीड आदि की रजिस्ट्री प्रक्रिया अब पूरी तरह ऑनलाइन होकर घर से ही पूरी की जा सकती है। सबसे महत्वपूर्ण सुविधा यह है कि रजिस्ट्री प्रक्रिया पूर्ण होते ही संबंधित क्रेता का नाम राजस्व रिकॉर्ड में स्वतः दर्ज हो जाएगा। इससे नागरिकों को नामांतरण के लिए अलग से आवेदन, शुल्क या प्रतीक्षा की आवश्यकता नहीं होगी।

इस अवसर पर जनप्रतिनिधि श्री धनीराम बारसे ने कहा कि 10 नवाचार प्रारंभ होने से पंजीयन प्रक्रिया अब ज्यादा पारदर्शी, सरल और जन-सुलभ हो जाएगी। डिजिटलीकरण से समय, मेहनत और धन तीनों की बचत होगी। जिससे लोगों को सीधे लाभ मिल पाएगा। प्रशिक्षण में जनप्रतिनिधि धनीराम बारसे, नगर पालिका अध्यक्ष हुंगाराम मरकाम, अरुण सिंह भदौरिया, विश्वराज चौहान, रंजीत बारठ, शोभन गंदामी, रमेश कर्मा, उर्मिला मंडावी सहित अन्य जनप्रतिनिधि, पत्रकारगण, संयुक्त कलेक्टर सूरज कश्यप, तहसीलदार गिरीश निम्बलकर तथा अन्य अधिकारी-कर्मचारी भी उपस्थित थे।

## कलेक्टर ने जलभराव वार्डों में नाली चौड़ीकरण कार्यों का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा



कलेक्टर कुणाल दुदावत के द्वारा आज बचेली और किरन्दुल नगरीय क्षेत्र में नाली निर्माण कार्य का निरीक्षण करते हुए कार्य को इस माह के अन्त पूर्ण करने हेतु अधिकारियों को निर्देशित किया। ज्ञात हो कि पूर्व वर्ष में अति वर्षा से किरंदुल नगरीय क्षेत्र के कुछ वार्डों में अस्थायी डैम के टूट जाने से निचले इलाकों के घरों में जलभराव हो गया था।

जिससे काफी घर क्षतिग्रस्त हो गये थे। जिनका मुआवजा प्रशासन दिया गया था। आने वाले मानसून सीजन के मद्देनजर संभावित आपदा की पुनरावृत्ति से बचाव हेतु जिला प्रशासन द्वारा नाली चौड़ीकरण एवं रिटर्निंग वॉल का निर्माण कराया जा रहा है। इस क्रम में कलेक्टर द्वारा इन निर्माण कार्यों स्थल निरीक्षण करते हुए कार्यों इस माह के अन्त तक पूरा करने की मियाद अधिकारियों को देते हुए प्रतिदिन कार्यो का सतत निगरानी करने को कहा।

इसके साथ ही कलेक्टर ने किरन्दुल में निर्माणाधीन आस्था-2 विद्या मंदिर के निर्माण स्थल पहुंचकर कार्यों का जायजा लिया। कार्य एजेंसियों को बारिश के पूर्व निर्माण संबंधी महत्वपूर्ण कार्यों को पूरा करने तथा इसके लिए कामगारों की संख्या बढ़ाने के निर्देश अधिकारियों को दिए। उल्लेखनीय है कि किरंदुल में निर्माणाधीन आस्था-2 विद्या मंदिर के अंतर्गत निर्माणाधीन बालक हॉस्टल एवं बालिका हॉस्टल, स्टाफ, कर्मचारी आवास का निर्माण युद्ध स्तर पर जारी है। इसके पूर्व कलेक्टर ने बचेली में टिन अयस्क क्रय केन्द्र में जाकर पंजी संधारण, दस्तावेजों का औचक निरीक्षण करते हुए समिति के सदस्यों से नियमानुसार पंजियों, दस्तावेजों को व्यवस्थित एवं अद्यतन करने हेतु निर्देशित किया। इसके साथ ही कलेक्टर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र किरन्दुल में स्वास्थ्य सुविधाओं तथा सामुदायिक भवन की समस्याओं से अवगत हुए इस मौके पर केंद्र उपस्थित एएमओ द्वारा सामुदायिक केन्द्र में चिकित्सा कक्षों तथा केन्द्र से जुड़ी दिक्कतों से कलेक्टर अवगत कराया।

कलेक्टर ने यहां एक्सरे कक्ष, ओपीडी वार्ड, प्रसव कक्ष,औषधि स्टोर रूम का निरीक्षण करते हुए केन्द्र के मरम्मत एवं शेड निर्माण कार्य पूर्ण कराने हेतु अधिकारियों को समुचित कार्यवाही करने को कहा। इस मौके पर जिला पंचायत सीईओ जयंत नाहटा, एसडीएम कमल किशोर सहित लोक निर्माण विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

### दण्डाधिकारी जांच के लिए उपस्थित होने की सूचना

**बीजापुर।** सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि थाना बेदरे अर्न्तगत घटना 21 अप्रैल को ग्राम केरपे-ओड़सनपोड़का के बीच जंगल पहाड़ में हुई पुलिस-नक्सली मुठभेड़ जिसमें एक अज्ञात माओवादी का शव सहित नक्सली सामग्री बरामद की गई है। तथा इस संबंध में कोई भी किसी प्रकार की जानकारी रखते हो तो न्यायालय अनुविभागीय दण्डाधिकारी भैरमगढ़ में 19 जून तक उपस्थित होकर लिखित या मौखिक जानकारी दस्तावेज प्रस्तुत कर सकते है।

थाना भैरमगढ़ अर्न्तगत घटना 12 अप्रैल को ग्राम कोलनार, बड़ेपल्ली के जंगल पहाड़ में हुई पुलिस-नक्सली मुठभेड़ जिसमें दो अज्ञात माओवादियों का शव सहित नक्सली सामग्री बरामद की गई है। तथा इस संबंध में कोई भी किसी प्रकार की जानकारी रखते हो तो न्यायालय अनुविभागीय दण्डाधिकारी भैरमगढ़ में 19 जून तक उपस्थित होकर लिखित या मौखिक जानकारी दस्तावेज प्रस्तुत कर सकते है।

## आतंक के घेरे से निकल बच्चों ने देखा विकास और उन्नति का मॉडल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

समर कैम्प के तहत एक्सपोजर विजिट में नियद नेल्लानार और माओवाद प्रभावित इलाके के बच्चों ने पहली बार बीजापुर आकर विकास और उन्नति के मॉडल को देखा। मिनगाचल नदी पार पेदाजोजेर, कमकानार, जारगोया, चिन्नाजोजेर, उसूर के पुजारी कांकेर, चाटलापल्ली, संकनपल्ली के बच्चों ने बीजापुर आकार कलेक्ट्रेट, जिला अस्पताल, सेंट्रल लाइब्रेरी, नवोदय विद्यालय, एजुकेशन सिटी, लोहा डोंगरी का भ्रमण कर बदलते बीजापुर और विकसित भारत के नए दौर का अनुभव किया। माओवाद से पीड़ित बीजापुर के ऐसे गांव जहां सालों से बंद पड़े स्कूलों को जिला प्रशासन ने अथक प्रयासों से फिर से खोलने में सफलता पाई। इन गांव के हजारों बच्चे जिन्होंने कभी जिला मुख्यालय तक का सफर नहीं किया और आधुनिक भारत के साथ बदलते बीजापुर की तस्वीर से अंजान रहे उन बच्चों को कलेक्टर श्री संबित मिश्रा के निर्देश पर एक्सपोजर विजिट के तहत बीजापुर भ्रमण कराया गया। बीजापुर में बच्चों ने कलेक्ट्रेट के सभागार में कलेक्टर संबित मिश्रा और सीईओ जिला पंचायत हेमंत रमेश नंदनवार से मुलाकात की। कलेक्टर ने बच्चों से सवाल जवाब कर भ्रमण के अनुभव को साझा किया। बच्चों ने कहा कि यहां आकर बहुत अच्छा लगा। कलेक्टर ने पूछा आपके गांवों में क्या चाहिए तब बच्चों ने कहा कि जैसा स्कूल यहां है वैसा हमारे गांव में भी चाहिए। कलेक्टर ने बच्चों को भविष्य में आगे बढ़ने और विकास के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। कलेक्ट्रेट में बच्चों को जाति प्रमाण पत्र बनने की प्रक्रिया, आधार कार्ड, भू अभिलेख कोषालय आदि का भ्रमण कर काम काज की जानकारी दी गई।

**निधन**

### मनोरमा तिवारी



**जगदलपुर।** सुभाष वार्ड ब्राम्हण पारा निवासी मिनकेतन तिवारी की पत्नी मनोरमा तिवारी (73) का शुक्रवार को निधन हो गया। वे पिछले कुछ दिनों से अस्वस्थ थी। जिनका उपचार मेडिकल कॉलेज डिमरापाल में चल रहा था। इसके पूर्व उन्हें विशाखापटनम में इलाज के लिए एक निजी अस्पताल में भर्ती किया गया था। वे अपने पीछे पति समेत एक पुत्री और भरा-पूरा परिवार छोड़ गई। आज उनका अंतिम संस्कार खड़कघाट स्थित मुक्तिधाम में किया गया। जिसमें परिजन, समाज के लोग सम्मलित हुए।

## समाधान शिविरों में ग्रामीणों को मिला योजनाओं का लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर




जिले के भैरमगढ़ और भोपालपटनम ब्लॉकों में गुरुवार को सुशासन तिहार के तीसरे चरण के अंतर्गत समाधान शिविरों का आयोजन किया गया। इन शिविरों में सैकड़ों ग्रामीणों की समस्याओं का मौके पर ही निराकरण कर उन्हें

- 840 आवेदनों का हुआ निराकरण, योजनाओं का लाभ मिलने से ग्रामीणों में खुशी

विभिन्न शासकीय योजनाओं का लाभ प्रदान किया गया। शिविरों में कुल 840 आवेदनों का निपटारा किया गया, जिससे लोगों में शासन-प्रशासन के प्रति विश्वास और मजबूत हुआ है।

भैरमगढ़ ब्लॉक के ग्राम गुदमा, कोमपल्ली, केतुलनार, सकनापल्ली तथा भोपालपटनम ब्लॉक के चेरामांगी, नुकंपाल, आवापल्ली, मुरकीनार, चिंतकोटा और मुरडुण्डा में आयोजित इन शिविरों में विभागवार समाधान करते हुए योजनाओं का लाभ प्रदान किया गया।

ग्राम गुदमा में आयोजित समाधान शिविर में कुल 192 आवेदनों का निराकरण किया गया। इसके तहत 3 प्रधानमंत्री आवास, 2 व्यक्तिगत शौचालय, 2 किसान किताब, 3 नए राशन कार्ड और 2 नग मछली जाल का वितरण किया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से 2 बच्चों का अन्नप्राशन संस्कार एवं 2 महिलाओं की गोद भराई की रस्म भी संपन्न हुई, जिससे महिलाओं में विशेष उत्साह देखा गया।

इस शिविर में कलेक्टर संबित मिश्रा, एसडीएम भैरमगढ़, जनपद अध्यक्ष दसरी कोरसा, उपाध्यक्ष जितेन्द्र लेकाम, जिला पंचायत सदस्य प्रीति आरकी एवं जनपद सदस्य महेश कश्यप सहित अनेक जनप्रतिनिधि और अधिकारी उपस्थित रहे। उन्होंने ग्रामीणों को योजनाओं से अधिक से अधिक लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया।

### भोपालपटनम क्षेत्र की उपलब्धियां

भोपालपटनम ब्लॉक के पामगल, मिनकापल्ली, कोटापल्ली, उस्कालेड और वंगापल्ली में आयोजित शिविरों में कुल 648 आवेदन प्राप्त हुए। इनमें से बड़ी संख्या में आवेदनों का त्वरित निराकरण किया गया। इस दौरान 6 पात्र व्यक्तियों को प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत आवास स्वीकृत हुए, 5 बच्चों के जाति प्रमाण पत्र बनाए गए, एक वृद्ध महिला को वृद्धावस्था पेंशन स्वीकृत की गई, और 11 परिवारों को नए राशन कार्ड प्रदान किए गए।

### ग्रामीणों में उत्साह और संतोष

इन शिविरों के माध्यम से ग्रामीणों की वर्षों से लंबित समस्याओं का समाधान होने से लोगों में शासन की योजनाओं के प्रति विश्वास और जागरूकता दोनों बढ़ी है। स्थानीय ग्रामीणों ने इन शिविरों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन नियमित रूप से होने चाहिए ताकि सभी जरूरतमंदों को योजनाओं का लाभ समय पर मिल सके।

**समक्षः-श्रीमान अनुविभागीय अधिकारी दण्डाधिकारी कोण्टा, जिला-सुकमा,छ.ग.**
**शपथ-पत्र**
मै श्रीमती कड़ती लक्ष्मी पति-श्री.कड़ती वेंकटेश, आयु-24 वर्ष निवासी-किस्टाराम, पोस्ट-किस्टाराम, तहसील-कोण्टा, जिला-सुकमा,छ.ग पिन कोड़ न.494114, शपथपूर्वक निम्नलिखित कथन अभिव्यक्त करती हूँ किः-
1. यह कि मेरा नाम एंव पता उपरोक्तानुसार है।
2. यह कि मेरे विवाह के पूर्व का मेरा नाम एंव उपनाम - कु.सोड़ी लक्ष्मी, पिता-श्री. सोड़ी सारा रहा है, जो कि मेरे शैक्षणिक प्रमाण-पत्रों एंव अभिलेखों में अकिंतानुसार सत्य एंव सही है।
3. यह कि त्रुटिवश मेरे नाम से जारी आधार कार्ड में मेरा सरनेम-सोड़ी लक्ष्मी अंकित कर दिया गया है।
4. यह कि विवाह के पश्चात मेरा नाम एंव उपनाम मेरे पति के उपनामानुसार कड़ती लक्ष्मी. - पति-श्री.कड़ती वेंकटेश दोनों नाम मेरा ही नाम है। किसी अन्य का नाम नहीं है।
5. यह कि मेरे आधार कार्ड मे मेरे पति के उपनामानुसार कु.सोड़ी लक्ष्मी के स्थान पर श्रीमती कड़ती लक्ष्मी, सुधार कर अंकित कराना चाहती हूँ। मेरा आधार.न.-7088 7614 7835 है।
6. यह कि मेरे नाम से जारी आधार कार्ड में सरनेम सुधार करने के समर्थन में यह शपथ-पत्र बनाया गया है।स्थान-कोण्टादिनांक-28.04.2025
**सत्यापन**
मै श्रीमती कड़ती लक्ष्मी पति-श्री कड़ती वेंकटेश, आयु-24 वर्ष, निवासी-किस्टाराम, पोस्ट-किस्टाराम, तहसील कोण्टा, जिला-सुकमा, छ.ग पिन कोड़ न. 494114, उपरोक्त शपथकर्ता सत्यापित करती हूँ कि उपरोक्त शपथ पत्र में वर्णित तथ्य मेरे स्वतः के निजी ज्ञान एंव विश्वास से सत्य एवं सही है। सत्यापन आज दिनांक 28.04.2025 को स्थान-कोण्टा में हस्ताक्षर कर सत्यापित किया।
स्थान-कोण्टा
दिनांक-28.04.2025
शपथकर्ता
श्रीमती लक्ष्मी

# आंध्रप्रदेश, तमिलनाडू, उत्तरप्रदेश में महक रहा बस्तर का अमचूर

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

छत्तीसगढ़ के बस्तर में एशिया की सबसे बड़ी ईमली मंडी है। यहां की ईमली भारत के साथ-साथ विदेशों में भी निर्यात की जाती है और हर साल इसकी बड़ी डिमांड रहती है।

वहीं बस्तर की इमली के साथ ही बस्तर के अमचूर के भी लोग दीवाने हैं। उत्तर भारत और विदेशों में बस्तर के अमचूर की भारी डिमांड रहती है, लेकिन इस वर्ष बस्तर में हुई बेमौसम बारिश, अंधड़ और ओले ने देशी आम की फसलों को भारी नुकसान पहुंचाया है। जिसके चलते अमचूर के व्यापार को भी काफी नुकसान हुआ है। इसके बाद भी बस्तर संभाग के मंडियों नुकसान के बाद भी बीजापुर एवं दंतेवाड़ा जिले के नकुलनार से अमचूर की आवक हो रही हैं। साथ ही व्यापारियों के अनुसार आंध्रप्रदेश, तमिलनाडू एवं उत्तप्रदेश भेजा गया है। संभाग के सुकमा, दंतेवाड़ा, बीजापुर, छिन्दगढ़ और नकुलनार क्षेत्र के देशी आम से बने अमचूर की सबसे ज्यादा डिमांड रहती है। लेकिन इन इलाकों में भी बेमौसम बारिश ने मचाई तबाही से आम की फसल को भारी नुकसान पहुंचा है, जिससे अमचूर का व्यापार इस साल काफी प्रभावित हुआ है और व्यापारियों को भी भारी नुकसान हुआ है।

**खास बातें**

- बस्तर की इमली के साथ ही अमचूर के भी लोग दीवाने
- बेमौसम बारिश से आम की फसलों को हुआ नुकसान, मंडी में कम हो रही आवक

**उपजों की आवक बढ़ाएं**

बस्तर संभाग के कृषि बोर्ड के संयुक्त संचालक केएल मंडावी ने बताया कि बेमौसम बारिश और अंधड़ ने इस बार आम की फसल को प्रभावित किया है। उन्होंने 11 मंडियों के सचिवों को निर्देश दिया कि वे मंडी में उपजों की आवक बढ़ाएं, जिससे मंडी आय बढ़ सके।



**करोड़ों का होता कारोबार**

बताया जा रहा है कि बस्तर में प्राकृतिक तौर पर देसी आम के पेड़ों की संख्या बहुतायत में है। ग्रामीण सालों से गर्मी के मौसम में इन देशी आम से अमचूर बनाकर उन्हें उपमंडी एवं मंडी में बेचते हैं। जगदलपुर मंडी से यह अमचूर विदेशी बाजारों तक भी पहुंचता है, बस्तर संभाग के बीजापुर, सुकमा, कांकेर से लेकर बीजापुर जिले तक के देशी आम से तैयार होने वाली अमचूर से करोड़ों रुपए का कारोबार होता है।

## सुशासन तिहार: परलकोट क्षेत्र कृषि, दुग्ध, सब्जी एवं मत्स्य पालन के क्षेत्र में अग्रणी

# प्रधानमंत्री आवास योजना में कोई पैसे की मांग करता है तो शिकायत करें, करेंगे कड़ी कार्रवाई




हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

जनपद पंचायत कोयलीबेड़ा के ग्राम एसेबेड़ा में आयोजित शिविर में पहले चरण में प्राप्त आवेदनों की स्थिति एवं विभागीय योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को दी गई। एसेबेड़ा क्लस्टर में कुल 2179 आवेदन प्राप्त हुए थे, जिनमें से 2139 का निराकरण जिला प्रशासन द्वारा करते हुए ग्रामीणों को जानकारी दी गई।

- हर मामले में प्रशासन करेगा मदद

जिला स्तरीय समाधान शिविर में उपस्थित कलेक्टर निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर ने ग्रामीणों से कहा कि यह परलकोट क्षेत्र कृषि, दुग्ध, सब्जी एवं मत्स्य पालन के क्षेत्र में अग्रणी है। जिला प्रशासन इन क्षेत्रों में रहने वाले लोगों के विकास के लिए हरसंभव सहयोग प्रदान करेगा। पात्र हितग्राही अब तक आवास योजना से वंचित रह गए हैं, उन्हें आवास प्लस प्लस के तहत आगामी 2-3 महीने में इसकी स्वीकृति अवश्य मिलेगी। उन्होंने समझाइश दी कि यदि कोई भी कर्मचारी प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत पैसे की मांग करता है या ऐसी कोई शिकायत प्राप्त होती है तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। आवास प्लस में छूटे हुए पात्र हितग्राहियों का सर्वे कराने के निर्देश जिला पंचायत सीईओ हरेश मंडावी को दिए। समाधान में शिविर में जिला पंचायत सीईओ ने भी उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि सुशासन तिहार के अंतर्गत प्राप्त सभी आवेदनों का गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित किया जाएगा।

**ये रहे उपस्थित**

शिविर में जिला पंचायत सदस्य दीपांकर रॉय, जनपद उपाध्यक्ष मंजू सरकार, एसडीएम अंजोर सिंह पैकरा, डिप्टी कलेक्टर रानू मैथ्यूज सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय व ब्लॉक स्तरीय अधिकारी कर्मचारी और स्थानीय जनप्रतिनिधिगण एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।



**16 किसानों को मक्का बीज मिनी किट का वितरण**

कोयलीबेड़ा विकासखण्ड में आयोजित समाधान शिविर में कृषि विभाग की ओर से 16 किसानों को मक्का बीज मिनी किट वितरित किए गए। इसी तरह प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 3 हितग्राहियों को पूर्ण आवास की चाबियां सौंपी गई तथा खाद्य विभाग द्वारा 29 हितग्राहियों को राशन कार्ड का वितरण किया गया। समाज कल्याण विभाग द्वारा 6 बुजुर्गों को वृद्धा पेंशन के रूप में 500 रूपए की राशि स्वीकृत कर 2 हितग्राहियों को मनरेगा जॉब कार्ड का वितरण भी किया गया।

**ग्रामीणों के स्वास्थ्य की जांच की गई**

सुशासन तिहार में जिला स्तरीय समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में ग्रामीणों के स्वास्थ्य की जांच की गई। जांच के उपरांत ग्रामीणों को स्वस्थ रहने संबंधी सलाह भी दी गई।

## खबर संक्षेप

### व्यापमं की बीएससी नर्सिंग की प्रवेश परीक्षा होगी 29 को

**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल रायपुर द्वारा 29 मई को बीएससी नर्सिंग प्रवेश परीक्षा प्रातः 10 बजे से अपरान्ह 12.15 बजे तक शहर के 4 परीक्षा केन्द्रों में आयोजित की जाएगी। जिसके तहत केन्द्र शासकीय काकतीय पीजी कॉलेज धरमपुरा नम्बर 2, शासकीय इंजीनियरिंग महाविद्यालय धरमपुरा नम्बर 3, शासकीय बहुउद्देशीय हायर सेकण्डरी स्कूल एवं शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या हायर सेकण्डरी स्कूल क्रमांक-1 परीक्षा केन्द्रों पर भर्ती परीक्षा आयोजित की जाएगी।

### राष्ट्रीय स्वाभिमान मंच की गौरव यात्रा आज

**जगदलपुर।** भारतीय सेना के प्रबल पराक्रम,शौर्य एवं अदम्य साहस के प्रतीक ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के उपलक्ष्य में मां भारती के वीर सैनिकों को अभिनंदन करने राष्ट्रीय स्वाभिमान मंच, द्वारा मातृशक्ति के नेतृत्व में विशाल सभा एवं गौरव यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। 24 मई को 3 बजे मां दंतेश्वरी मंदिर के प्रांगण से गौरव यात्रा निकलेगी।

### विश्वविद्यालय कार्यपरिषद की बैठक में शामिल होंगे विधायक

**जगदलपुर।** विधायक तथा प्रदेश भाजपा अध्यक्ष किरण देव का शनिवार को दिन भर व्यस्त कार्यक्रम रहेगा । वे 11 : 30 से 12 बजे तक शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय धरमपुरा में नवनिर्मित कैंटिन का लोकार्पण करने के बाद कार्यपरिषद की बैठक में शामिल होंगे। उसके बाद 1: 30 से 2:15 तक ग्राम साड़गुड़ मे समाधान शिविर में शामिल होंगे। शाम 5 बजे कलचा के सिरहागुड़ा पारा में मेला मड़ई जात्रा पर्व मे मौजूद रहेंगे। अंतिम कार्यक्रम रात 7 बजे शौर्य भवन लालबाग में कलरव के अनुनाद संगीत संध्या में शामिल होंगे।

### विकास कार्य में किसी तरह का समझौता नहीं होगा: किरण देव



**जगदलपुर।** विधानसभा क्षेत्र के अन्तर्गत आज नानगुर एवं माड़पाल में आधुनिक बाजार शेड निर्माण का विधिवत भूमिपूजन भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव ने किया। नानगुर बाजार स्थल में उन्होंने 40 लाख की लागत से आधुनिक बाजार शेड निर्माण , माड़पाल में 40 लाख रूपए की लागत से आधुनिक बाजार शेड निर्माण कार्य, माड़पाल में कोदाईबुड़ी माता गुड़ी में 5 लाख की लागत से आहता निर्माण,कोटगुड़ीन लिंगई मंदिर में 5 लाख की लागत से शेड निर्माण कार्य का विधिवत भूमिपूजन कर क्षेत्र की जनता को सौगात दिया । जनता को संबोधित करते हुये कहा कि नानगुर एवं माड़पाल क्षेत्र में क्षेत्र की जनमानस की बहुत पुरानी मांग रही है। क्षेत्र की जनता को बाजार स्थल में उचित स्थान नहीं मिलता था । जिससे जनता को बाजार में आने से समस्या होती थी। क्षेत्र की जनता के मांग के अनुरूप पंचायत ग्रामीण विकास विभाग से बाजार शेड निर्माण कार्य का विधिवत भूमिपूजन किया गया। विकास कार्य में किसी तरह का समझौता नहीं होगा।

# भाजपा सरकार के रवैया से शिक्षा और युवाओं का भविष्य खतरे में

हरिभूमि न्यूज ⏭ चारामा



प्रदेश सरकार की नीतियों पर गंभीर सवाल खड़े करते हुए एनएसयूआई के प्रदेश महासचिव महेंद्र नायक ने आरोप लगाते हुए कहा के भाजपा सरकार के रवैया से शिक्षा और युवाओं का भविष्य खतरे में है।

प्रदेश महासचिव ने कहा कि भाजपा सरकार कि नीतियां प्रदेश के युवाओं को आर्थिक विकास और रोजगार से भटकाने का कार्य कर रही हैं। आबकारी विभाग द्वारा बड़े पैमाने पर प्रदेश में शराब दुकानों को खोली जा रही है, जो युवाओं को नशे की ओर ले जाने वाली एक घातक पहल है। सरकार युवाओं को शिक्षा से दूर कर नशे की ओर धकेल रही है। उन्होंने स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा लाए गए युक्तियुक्तकरण नीति को पूरी तरह से विफल बताया और कहा कि इस पर सरकार को ब्लू प्रिंट सौंपा गया है, जिसमें स्पष्ट किया गया है कि यह नीति छात्रहित के विरुद्ध है और इसे पहले ही खारिज किया जा चुका है। आशंका जताते हुए कहा कि इस नीति से सरकारी स्कूल बंद होने की स्थिति बन सकती है और निजीकरण को बढ़ावा मिलेगा। शिक्षकों की संख्या घटाई जा रही है, जिससे प्राथमिक विद्यालयों में एक प्रधानपाठक के साथ केवल एक शिक्षक को पांच कक्षाएं पढ़ानी पड़ेंगी, जो असंभव है। माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक स्तर पर भी शिक्षकों की भारी कमी हो रही है, जिससे शिक्षा की गुणवत्ता प्रभावित हो रही है। प्रदेश महासचिव ने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने इन नीतियों पर पुनर्विचार नहीं किया तो एनएसयूआई सड़क से सदन तक आंदोलन करेगी और विद्यार्थियों के अधिकारों की रक्षा के लिए संघर्ष जारी रखेगी।

# दिव्यांगजनों को मिली व्हीलचेयर एवं बैटरीचलित ट्रायसायकल



**कांकेर।** समाज कल्याण विभाग के परिसर में 23 मई को चार दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण प्रदाय की गई। उप संचालक समाज कल्याण ने बताया कि ग्राम पंचायत सुरेली की रितू कोमरे को व्हील चेयर, ग्राम मावलीपारा भैंसगांव के दुकारूराम गावड़े को बैटरीचलित ट्रायसायकल, ग्राम हटकाचारामा की मनीषा गोटा को स्मार्टफोन और ग्राम ताड़ोकी निवासी रामसाय नवगों को बैटरीचलित ट्रायसायकल प्रदाय की गई। सहायक उपकरण मिलने से दिव्यांगजनों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव एवं जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर जनपद पंचायत कांकेर की अध्यक्ष पूर्णिमा कावड़े, कमलेश उसेण्डी, ईश्वर सिंह कावड़े, उत्तम जैन, टाकेश्वर जैन और अनिल कौशिक व अन्य उपस्थित रहें।

## 7 ब्लॉक मुख्यालय में लगेंगे काउंटर

**जगदलपुर।** हाई सिक्यूरिटी रजिस्ट्रेशन नंबर प्लेट लगाने के लिए परिवहन विभाग की ओर से संभागीय मुख्यालय में 4 स्थानों में काउंटर लगाया गया है। अब बस्तर जिले के 7 ब्लॉक मुख्यालयों में भी इसके लिए काउंटर लगाए जाएंगे। जिससे वाहन चालकों एवं मालिकों को परेशानी ना हो सके। वहीं दूसरी ओर एचएसआरपी के लिए विभिन्न सड़कों में क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी अपनी टीम के साथ वाहनों की जांच कर रहे हैं।



बताया जा रहा है कि वर्ष 2019 के पहले के वाहनों में लगे नंबर प्लेट को बदलकर हाई सिक्यूरिटी रजिस्ट्रेशन नंबर प्लेट लगाया जा रहा है। यह प्लेट एल्युमीनियम से बनी होती है, इसमें वाहन की पूरी जानकारी देने वाला क्रोमियम आधारित होलोग्राम होता है।

## अपर मुख्य सचिव गृह ने की सड़क सुरक्षा सम्बन्धी समीक्षा



**जगदलपुर।** उच्चतम न्यायालय के निर्देशानुसार सड़क सुरक्षा सम्बन्धी कार्ययोजना के क्रियान्वयन की वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए समीक्षा करते हुए अपर मुख्य सचिव गृह मनोज पिंगुआ ने सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए हर स्तर पर व्यापक जनजागरुकता निर्मित करने पर बल दिया और इस दिशा में शहरी क्षेत्रों सहित ग्रामीण इलाकों में ज्यादा ध्यान केन्द्रित किए जाने कहा। इसके साथ ही स्कूल-कॉलेज में रोड सेफ्टी क्लब का गठन कर सड़क सुरक्षा की दिशा में सार्थक प्रयास सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए। वहीं आम लोगों को हेलमेट और सीट बेल्ट के उपयोग करने हेतु प्रोत्साहित करने के लिए सर्वप्रथम शासकीय अमले यथा कार्यालयीन अधिकारियों-कर्मचारियों तथा कॉलेज के युवाओं से हेलमेट एवं सीट बेल्ट का उपयोग करवाने कहा। श्री पिंगुआ ने सड़कों में दुर्घटनाजन्य क्षेत्रों की पहचान कर आवश्यक अधोसंरचना कार्यों को सुनिश्चित करने, यातायात नियमों के उल्लंघन करने वाले लोगों पर नियमानुसार कार्यवाही, परमिट शर्तों के उल्लंघन करने वाले वाहनों पर सख्त कार्यवाही, हिट एंड रन के प्रकरणों में आर्थिक सहायता प्रदान करने, जिला सड़क सुरक्षा समितियों की नियमित रूप से बैठक आयोजित करने सहित निर्णयों पर परिणाममूलक कार्यवाही करने, सड़क दुर्घटना में घायलों को त्वरित उपचार हेतु अस्पताल लेकर जाने वाले संवेदनशील व्यक्तियों को पुरस्कृत करने, सड़क सुरक्षा अंकेक्षण रिपोर्ट पर अनिवार्य कार्यवाही करने इत्यादि की बिन्दुवार समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

- शहरी क्षेत्रों सहित ग्रामीण इलाकों में ज्यादा ध्यान केन्द्रित

# हितग्राहियों को वितरित किया गया राशन कार्ड



हरिभूमि न्यूज ⏭ चारामा

सुशासन तिहार के अंतर्गत समाधान शिविर में 5 हितग्राहियों को नवीन राशन कार्ड का वितरण किया गया, जिसमें नगर सीएमओ, नगर पंचायत अध्यक्ष भुनेश्वर नागराज, भाजपा मंडल अध्यक्ष ओमप्रकाश साहू, विजेंद्र सिन्हा, उत्तम साहू मंजू, सोनकर लोकेश नागवंशी, संतोष ओझा, संदीप मेश्राम, रजनी यादव, सुभाष सोनकर, शिवेंद्र निर्मलकर, मंगेश मेश्राम, रमन फेरु कौशिक, राजकुमार, सुनील कौशिक, गीता तिवारी, घनश्याम श्रवण, महाराज पटेल, पुष्पेंद्र साहू, किशन सिन्हा, नवीन मंडावी, कृष्ण सोनकर, संतोष कौशिक, नारायण साहू, नगर पंचायत के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## अन्य जिले के आदिवासी और गैर आदिवासी नेता पद की आस लगाये बैठे है

# मद्दी का बढ़ा कद, सक्रियता का मिला लाभ

सुरेश रावल ⏭ जगदलपुर

प्रदेश में विष्णुदेव साय सरकार के सत्ता के आने के बाद हुये अन्य चुनाव में भाजपा को लगातार जीत हासिल हुयी । अपने अपने क्षेत्र में कमल खिलाने के लिए खून पसीना एक करने वाले जमीनी और सक्रिय कार्यकर्ताओं मे निगम और मंडलों में पद की आस है। बस्तर के गैर आदिवासी नेता श्रीनिवास राव मद्दी भाग्यशाली साबित हुये जब उन्हें अध्यक्ष का बड़ा पद मिला। पहले वित्त आयोग और अब बदलाव करते हुये ब्रेवरेज कार्पोरेशन के चेयरमेन बन गये। रमन सिंह के समय वे वन विकास निगम के चेयरमेन रहे। उनकी सक्रियता का ईनाम उन्हें मिला। स्थानीय ,प्रदेश और राष्ट्रीय स्तर के सत्ता और संगठन के प्रभावशाली नेताओं तक पहचान बनाने का प्रतिफल प्राप्त हुआ। वही बस्तर जिला समेत दक्षिण बस्तर के तीन जिले सुकमा, दंतेवाड़ा और बीजापुर समेत उत्तर का नारायणपर जिला जो अतिसंवेदनशील नक्सल प्रभावित क्षेत्र है। वहां जान जोखिम में डालकर पार्टी के लिए तन मन धन लगाकर काम करने वाने जमीनी कार्यकताओं में मायूसी छायी है। हरिभूमि ने सभी क्षेत्र के नेताओं कार्यकर्ताओं से इस संबंध में चर्चा की उनका कहना है कि रमन सिंह के समय जिले के हिसाब से सुकमा ,दंतेवाड़ा और बीजापुर को महत्व मिलता था। कई नेता निगम और मंडल में लिये गये यहां तक कि मंत्री भी बने। लेकिन अब राजधानी के आसपास के क्षेत्र और बिलासपुर सहित बड़े शहरों के नेताओं को पहुंच का फायदा मिल रहा है। जबकि बस्तर के नेता कार्यकर्ता गोली खाकर जानमाल लूटा रहे है। चाहे पंचायत चुनाव हो अथवा नगरीय निकाय या लोकसभा विधानसभा सब में नक्सल क्षेत्र के जमीनी कार्यकर्ता नक्सल बहिष्कार के बाद भी जान की परवाह किये बिना काम करते है। लेकिन जब पद देने की बारी आती है तब बस्तर की उपेक्षा करते है। ऐसा हमेशा से होता है उपर बैठे सत्ता और संगठन के बड़े नेताओं को मालूम है कि बस्तर का व्यक्ति विरोध नही करेगा ना ही पद के लिए हाय तौबा मचायेगा।




**उपर तक बात पहुंचाने वाले नहीं रहे**

बस्तर में दो ही दल शुरू से एक दूसरे के सामने मुकाबले मे रहते आये है भाजपा और कांग्रेस के कई बड़े नेता राष्ट्रीय स्तर तक अपनी पहचान बनाकर प्रभाव छोड़ने में कामयाब रहे। बलीराम कश्यप, महेन्द्र कर्मा और अरविंद नेताम इनके लीडरशीप को आलाकमान भलीभांति जानता था। इन नेताओं के समर्थकों में यह विश्वास रहता था कि वे भी आगे चलकर बड़े पद तक पहुंच जायेगें। वही रायपुर ,भोपाल और दिल्ली में बैठे बड़े नेता भी बस्तर के बारे में चिंता करते थे। अब ऐसी स्थिति नही है।




तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपस्वास्थ्य नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियावात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, एक्जिमा, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरुष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, श्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

online Booking:-www.tripuryatra.com
12 ज्योतिर्लिंग
स्लीपर मात्र 15,500/
रिजर्वेशन कोच
04 जून,14 जुलाई, 13 अगस्त, 10 सितंबर, 01 अक्टूबर, 29 अक्टूबर, 12 नवम्बर, 10 दिसम्बर, 17 दिसम्बर 2025 (11 दिन)
7 ज्योतिर्लिंग यात्रा
श्री द्वारिकाधीश, श्री द्वारिकाभेंट, श्री शिर्डी साईं बाबा, महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग, सोमनाथ ज्योतिर्लिंग, नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, घृष्णेश्वर ज्योतिर्लिंग, त्र्यंबकेश्वर ज्योतिर्लिंग, भीमाशंकर ज्योतिर्लिंग, श्री शनि शिंगणापुर
11 यात्रियों की बुकिंग पर एक यात्री निःशुल्क
राशि:-स्लीपर-15500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 30,500/- (+5%GST)
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411